# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सुपौल।

**Email ID.-ee.supaul.rwd2@gmail.com**

पत्रांक......729........./ सुपौल, दिनांक ....08./...06..../2024

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, सुपौल।

सेवा में,

संवेदक,
M/S Jai Mata Di Construction.
S/O-Kailash Bhagat, Ward No.-18,
Gangjala Chowk, Saharsa, Bihar, Pincode:-852201

विषय :– BRRMS App के माध्यम से पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य का निरीक्षण के संबंध में।
प्रसंग :– सहायक अभियंता, मरौना का पत्रांक–कैम्प–01, मरौना, दिनांक–08.05.2024, इस कार्यालय का पात्रांक–573 दिनांक–10.05.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि NABARD योजनान्तर्गत आपके द्वारा निर्मित पथ Nirmali Marauna Road To Harrihat Musahari via Jagurahi Tak पथ की लम्बाई–1.590 किलोमीटर में BRRMS App के माध्यम से सहायक अभियंता के द्वारा Inspection के क्रम में पाया गया कि आपके पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य ससमय नहीं किया गया है एवं निरीक्षण के क्रम में कई त्रुटियाँ पाई गई है। फलस्वरूप आपके पथ में U ग्रेड प्रदान किया गया है। मालूम हो कि समय–समय पर पथों की जाँच उड़नदस्ता दल एवं विभागीय अभियंताओं द्वारा मुख्यालय से निर्धारित पथों का निरीक्षण BRRMS App के माध्यम से हर महीने किया जाता है। पथ का सतत् अनुरक्षण नहीं होने से आम जनता को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है एवं जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। यह खेदजनक है एवं एकरारनामा के शर्तों का उल्लंघन है। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा सुधारात्मक कार्य का निरीक्षण BRRMS App के माध्यम से इसी माह किया जाना निश्चित है।

अतः निर्देश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 3 दिनों के अंदर पथ का अनुरक्षण कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें एवं संबंधित कनीय अभियंता/सहायक अभियंता के देख–रेख में इसे 15 दिनों के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा एकरारनामा के उल्लंघन एवं सुसंगत कंडिकाओं के तहत दण्डात्मक कार्रवाई प्रारंभ करते हुए उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया जायेगा।

**इसे गंभीरता से लिया जाय।**

विश्वासभाजन

08/6/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, सुपौल।

8/6/24